तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 6 अप्रैल 2025

13 कुटीर उद्योगों का अध्ययन करने समूह की महिलाएं...



14 अंचल में महाअष्टमी पर गूंजा स्वाहा, हवन पूजन...





**नवरात्रि विशेष**



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

**कार्रवाई : पुलिस व गौ सेवकों को देख भागने लगे लोग, कुछ को दौड़ाकर पकड़ा गया**

# पैदल ले जाए जा रहे 250 गौ वंशों को रोका पूरे दस्तावेज नहीं दिखा पाए परिवहनकर्ता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रायपुर से पहुंचे गौ रक्षा दल के गौ सेवकों ने बालोद पुलिस की मदद से ढाई सौ गौ वंशों को समूह में पैदल ले जाते नगर की सीमा में पकड़ा। पकड़े गए गौ परिवहन कर्ताओं ने पुलिस थाना में मवेशी लाइसेंस एवं खेरथा बाजार से खरीदी बिक्री की पर्ची प्रस्तुत की, जिससे मामले में अपराध कायम नहीं किया गया। हालांकि पूरे मवेशियों की खरीदी-बिक्री की पर्ची प्रस्तुत नहीं कर पाए। वहीं, परिवहनकर्ता पुलिस विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण का प्रमाण पत्र बार-बार मांगे जाने के बाद भी प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर गौवंश को बालोद नगर पालिका नियंत्रित गौधाम में रखा गया है, वहीं मामले में पुलिस विवेचना जारी है।

शुक्रवार को तड़के रायपुर से पहुंचे गौ रक्षा दल के मनोज जंघेल, शिवम ठाकुर व कुछ अन्य लोगों ने बालोद नगर की सीमा में पाररास के पास 250 से अधिक बैल बछड़ों को पुलिस की मदद से रोका। पुलिस टीम द्वारा मौके पर कागजात मांगे जाने पर बहुसंख्यक परिवहन करता भागने लगे। इस पर कुछ को पुलिस टीम ने पकड़ा। पुलिस टीम ने बालोद गौठान में गौवंशों को पहुंचाया। परिवहनकर्ताओं को थाना लाकर पूछताछ की जाने लगी। इस बीच अन्य प्रमाणकर्ता भी कागजात लेकर थाना पहुंचने लगे। परिवहनकर्ताओं ने मौके पर 10 पशु व्यापारियों के लाईसेंस एवं 85 से अधिक बाजार की पर्ची प्रस्तुत की। परिवहनकर्ता 215 पशुओं की खरीदी पर्ची ही जमा कर सके, जबकि झुण्ड में 245 पशु थे। वहीं, बार–बार मांगे जाने के बाद भी परिवहनकर्ता पशुओं का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। मामले में बालोद पुलिस ने स्थानीय पशु चिकित्सकों से सभी पशुओं का स्वास्थ्य ▶▶|शेष पेज 12 पर

**खास बातें**

- पकड़े जाने पर 10 पशु व्यापारियों के लायसेंस एवं 85 से अधिक बाजार की पर्ची दिखाई
- केवल 215 पशुओं की खरीदी पर्ची ही प्रस्तुत कर सके परिवहनकर्ता
- स्वास्थ्य परीक्षण का प्रमाण पत्र नहीं दे पाए परिवहनकर्ता



### परिवहनकर्ताओं के पकड़े जाते ही सक्रिय हो गए उनके शुभचिंतक

पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि पशु परिवहनकर्ताओं को पशुओं के साथ पकड़े जाने के कुछ समय में ही खेरथा बाजार एवं करहीभदर मवेशी बाजार से संबंधित दर्जनों लोगों के साथ ही गांवों के सरपंच व कई गणमान्य सक्रिय हो गए। वे सभी परिवहनकर्ताओं के पक्ष में माहौल बनाते नजर आए। मामला खेरथा बाजार से खरीदी के संबंध में था, लेकिन करहीभदर बाजार से संबंधितों एवं पंचायत की सक्रियता ने कई सवाल खड़े कर दिए।

### पशु ठेकेदार ने कहा केवल 90 का कराया स्वास्थ्य परीक्षण-

मामले में बालोद पुलिस द्वारा गौ परिवहनकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत लाईसेस की वैधता की जांच के लिए बालोद कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजा गया है। मामले में पशु ठेकेदार हर्ष देव चौधरी के चाचा अशोक चौधरी ने कहा कि हमने 90 गौवंशों का ही स्वास्थ्य परीक्षण कराया है, शेष का नहीं कराया है। गौ रक्षा दल जिला प्रमुख अजय यादव ने कहा पशु तस्तकरी की आशंका में पशुओ कों रोका गया था। परिवहनकर्ताओं ने खरीदी पर्ची एवं लाईसेस प्रस्तुत किया है।

## फिल्टर प्लांट व सिवनी पंप हाउस की क्षमता बढ़ाई जाएगी : प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- पीआईसी की पहली बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

पीआईसी की पहली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। फिल्टर प्लांट व सिवनी पंप हाउस की क्षमता बढ़ाई जाएगी। नगरपालिका परिषद बालोद में प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की पहली बैठक आयोजित हुई। बैठक नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में गर्मी के मौसम में पेयजल संकट को प्राथमिकता दी गई। शहर की पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए जलकार्य विभाग के सभापति दीपक कुमार द्वारा प्रेषित महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने बताया कि गर्मी के दिनों में शहर के विभिन्न वार्डों में पेयजल की समस्या होती है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बैठक में नये सदस्यों के साथ पेयजल से संबंधित अहम प्रस्ताव पर चर्चा की गई है।

जिसमे गंजपारा फिल्टर प्लांट एवं सिवनी पंप हाउस के मोटर पंप की क्षमता बढ़ाने, फिल्टर प्लांट में पंप हाऊस एवं मोटर पंप की स्थापना, विभिन्न वार्डों में पीव्हीसी पानी टंकी निर्माण, तांदुला नदी तथा कुएं सफाई, नया टेंकर पाइंट, पानी टेंकर क्रय एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ संबंधी प्रस्ताव दिए गए।

## ग्राम खोलझर में नवीन धान खरीदी केंद्र की मिली स्वीकृति



**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम के प्रयास से वनांचल के किसानों को अब खोलझर में धान खरीदी केंद्र की सुविधा मिलेगी। पहले यहां और आसपास के किसान लगभग 15 से 17 किलोमीटर दूर भंवरमरा में धान बेचने के लिए जाते थे। इससे उन्हें काफी परेशानी होती थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए युवराज लाल निवेंद्र सिंह ने शासन प्रशासन के समक्ष किसानों की मांगों को पहुंचाया था। जिसके तारतम्य में छत्तीसगढ़ के प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के तहत नवीन धान खरीदी केन्द्रों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें डौंडीलोहारा ब्लॉक में आदिम जाति सहकारी साख समिति भंवरमरा के अंतर्गत नवीन धान खरीदी केंद्र के रूप में खोलझर को खोलने के लिए भी शासन से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। जहां पर खोलझर सहित बुल्लुटोला, नलपानी, भिमदो और लुरकाझर के किसान धान बेच सकेंगे। पहले इन किसानों को भंवरमरा धान बेचने जाने में काफी दिक्कत होती थी। किसानों ने नवीन धान खरीदी केंद्र की स्वीकृति मिलने पर युवराज लाल निवेंद्र का आभार जताया। वहीं, इस स्वीकृति के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और खाद्य मंत्री दयालदास बघेल का आभार जताया है। ज्ञात हो कि इस मुद्दे को लेकर विगत दिनों उन्होंने ग्रामीण किसानों के साथ खाद्य मंत्री दयालदास बघेल से मुलाकात की थी।

**खबर संक्षेप**

### नगरवासियों की समस्याएं सुनने शिविर 8 से 11 तक

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर द्वारा सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। इसके तहत 8 से 11 अप्रैल तक प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय भवन में आम जनता से उनकी समस्याओं और शिकायतों के संबंध में आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इसके साथ ही समाधान पेटी एवं ऑनलाईन के माध्यम से भी अपना आवेदन कर सकते हैं। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक शिविर लगाकर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। द्वितीय चरण में 1 माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तृतीय चरण के तहत 5 मई से 31 मई तक प्रत्येक वार्ड में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### धनेली बोड़रा में कबड्डी प्रतियोगिता 9 से

**गुरूर।** फ्रेंड्स क्लब धनेली बोड़रा द्वारा राज्य स्तरीय तीन दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 9 अप्रैल से 11 तक किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11025 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7025 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5025 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 3025 रूपये रखा गया है।

## जिले को मिली 24 नई समितियों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- नई समितियों के गठन के साथ ही जिले में कुल सोसायटियों की संख्या बढ़कर 146 हो गई



सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन के तहत जिले को 24 नई समितियों की सौगात मिली है। इसके तहत पूर्व में जहां जिले में 122 समितियां थीं, अब 24 और नई समितियां बन जाने से जिले में समितियों की संख्या बढ़कर 146 को गई है। इससे जिले के किसानों को कृषि के क्षेत्र में मदद मिलेगी। जिले में बनी 24 समितियों के तहत विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों को सुविधाएं मिलेंगी। जिसमें वर्तमान सांकरा ज सोसायटी से हटकर दरबारी नवागांव को नया सोसायटी बनाया गया है। इसके अंतर्गत दरबारी नवागांव, परसदा, डेंगरापार ग्राम आएंगे। वर्तमान लाटाबोड़ समिति में से नवीन खपरी समिति बनाई गई है जिसमे खपरी, भोईनापार, परसाही ग्राम आएंगे। वर्तमान करहीभदर समिति में से लिमोरा समिति नई बनाई गई है जिसमे लिमोरा, अमोरा, मुजगहन ग्राम आएंगे। वर्तमान मिर्रीटोला समिति से नवीन समिति चंदनबिरही को बनाई गई है जिसमे चंदनबिरही, बागतराई, चिटौद ग्राम आएंगे। वर्तमान पलारी समिति मे से सनौद नवीन समिति बनाई गई है जिसमे सनौद, बोहारा, सांगली ग्राम आएंगे। वर्तमान फागुनदाह समिति मे से पेन्डरवानी नवीन समिति बनाई गई है जिसमे पेन्डरवानी, पेरपार ग्राम आएंगे। वर्तमान डौण्डी समिति मे से बन्हनी नवीन समिति बनाई गई है जिसमे बन्हनी, छिन्दगांव, कटरेल, कुसुमकसा ग्राम आएंगे। वर्तमान ▶▶|शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### ग्राम बघमरा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान खुली

**गुण्डरदेही**। नगर पंचायत अंतर्गत बघमरा में शनिवार को शासकीय उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, संतोष नेताम, लोकेश्वरी यादव, हेमंत सोनकर, रुखसाना तिगाला, सलीम खान, हेमलता सोनी, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, सेवक महिपाल और रोम लाल यादव, कलिंदा निषाद, बाला निषाद, धीरेन्द्र निषाद, सुभाष चंद्राकर आदि उपस्थिति हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि वर्तमान में राशन दुकान वार्ड नंबर 14 में संचालित है जो कि बघमरा से दूर पड़ता है जिससे लोगों को परेशानी होती थी। बघमरा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान खुलने से इसका सीधा लाभ यहां के रहवासियों को मिलेगा। वार्ड 1 से लेकर वार्ड क्रमांक 8 तक के लोगों को यहां से राशन दिया जाएगा। जैन ने बताया कि पेयजल की गंभीर समस्या को देखते हुए नगर में तीन बोर खनन कराया गया जिससे अब नगरवासियों को पानी की कमी नहीं होगी। टंकी में पानी भरकर घरों तक पहुंचाया जा रहा है। इसके आलावा तीन पानी टैंकर प्रतिदिन नगर में पानी की सप्लाई हो रही है।

### साइंस कॉलेज परिसर में खुलेगा स्टार्टअप सेंटर

**दुर्ग**। जिले में आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा देने जिला मुख्यालय स्थित साइंस कालेज परिसर में शीघ्र स्टार्टअप सेंटर का शुभारंभ होगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने साइंस कालेज परिसर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम से संलग्न कक्ष जिसमें स्टार्टअप सेंटर स्थापित किया जाएगा का अवलोकन किया। उन्होंने प्रोग्राम मैनेजर समिरन मित्रा, पीएमयू अयाज खान और सुश्री यामिनी से स्टार्टअप गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही सेंटर में आवश्यक निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। ज्ञात हो कि स्टार्टअप पहल का लक्ष्य नवाचार और उद्यमशीलता के लिए एक ऐसा सुदृढ़ परिस्थितिकी तंत्र निर्मित करना है जो कर लाभ, सरल अनुपालन और वित्त पोषण के अभिगम जैसे उपायों के माध्यम से स्टार्टअप्स की सहायता कर आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा दें। स्टार्टअप इंडिया पहल का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, स्टार्टअप का समर्थन करना और निवेश को प्रोत्साहित करना है।

### दुर्ग जिले के 53 युवा बने अग्निवीर

**दुर्ग**। अग्निवीर थल सेना के लिए वर्ष 2024-25 में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों के लिए आवासीय एवं गैर आवासीय शारीरिक दक्षता परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अग्निवीर भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा रायगढ़ में आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम भारतीय थल सेना द्वारा 21 मार्च को घोषित किया गया है। जिसके अनुसार दुर्ग जिले से कुल 53 अभ्यर्थी अग्निवीर भारतीय थल सेना के लिए चयनित हुए है।

# जिपं की समितियों से कांग्रेस का सफाया, भाजपाइयों ने किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत में शुक्रवार को स्थाई समितियों के लिए सभापति और सदस्यों का चुनाव किया गया। गहमागहमी के बीच निपटे इस चुनाव में कांग्रेस सदस्यों को भी सभापति बनने की उम्मीद थी। लेकिन प्रत्येक समिति में सभापति और सदस्य बनने के बाद स्वास्थ्य समिति में एक भी भाजपा भाजपा सदस्य शेष नही रह गए। अधिकतम एक सदस्य तीन समिति से अधिक के सदस्य नही बन सकते है। ऐसे में कांग्रेस सदस्यों को सभापति बनने की उम्मीद थी। लेकिन भाजपा सदस्यों ने इसका चुनाव ही नही कराया और कांग्रेस सदस्यों के उम्मीदों पर पानी फिर गया।

जिला पंचायत के बारह सीट में सात भाजपा और कांग्रेस के पांच सदस्य हैं। जिला पंचायत सभा कक्ष में शुक्रवार को विरेन्द्र सिंह अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला पंचायत के स्थायी समिति के सदस्यों, सभापति का निर्वाचन कार्य किया गया। जिसमें सामान्य प्रशासन समिति में सभापति सरस्वती बंजारे, सदस्य पवन शर्मा, सदस्य नीलम राजेश चन्द्राकर, सदस्य जितेन्द्र यादव, सदस्य श्रद्धा साहू, सदस्य कल्पना नारद साहू, सदस्यों को निर्वाचन किया गया। वही कृषि समिति में सभापति नीलम राजेश चन्द्राकर, सदस्य जितेन्द्र यादव, सदस्य श्रद्धा साहू बने।

## निर्दलीय जीतकर आई प्रिया साहू को छोड़कर सभी सदस्य को मिला सभापति का पद

### सभापति के बगैर रह गई स्वास्थ्य समिति

स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति में सभापति रिक्त रह गए। इसमें सदस्य जितेन्द्र यादव, सदस्य सुश्री प्रिया साहू का निर्वाचन हुये है। कांग्रेस सदस्य अगर सभापति बनते तो उन्हें सामान्य प्रशासन समिति में लेना पडता। ऐसे में भाजपा सदस्यों ने कांग्रेस सदस्यों को मौका ही नही दिया। अंतिम में स्वास्थ्य व स्वच्छता समिति का गठन पूरा करने भाजपा की ओर से कांग्रेसियो से सहयोग मांगा इस पर कांग्रेसी सदस्यों की ओर से सभापति का पद देने पर सहयोग का प्रस्ताव रखा गया जिसमें बात नहीं बनी इसकी वजह से उक्त समिति में पूरे तीन सदस्य नहीं होने के कारण इसका गठन पूरा नहीं हो सका।

### प्रिया साहू को छोड सभी बने सभापति



जिला पंचायत दुर्ग के स्थायी समिति के सदस्यों एवं सभापति का आज निर्वाचन हुआ। इसमें भाजपा के नीलम चन्द्राकर, जितेन्द्र यादव, श्रद्धा साहू एवं कल्पना साहू अलग अलग समितियों के सभापति निर्वाचित हुए वहीं स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने के बाद भाजपा खेमे शामिल प्रिया साहू सभापति नहीं बन पाई जबकि भाजपा खेमे के शेष सभी सदस्य किसी न किसी समिति के सभापति है स्थायी समितियों के गठन के दौरान निर्धारित तीन सदस्य नहीं होने के कारण जिला पंचायत में स्वास्थ्य व स्वच्छता समिति के सभापति का चुनाव नहीं हो सका।

## गुहार : बेटे की तलाश कर थक चुके परिजनों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

# महीने भर पहले निकला जवान न ड्यूटी पर पहुंचा, न घर लौटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही

जम्मू–कश्मीर में राष्ट्रीय राईफल की 48वीं बटालियन में पदस्थ जवान, जो रनचिरई थाना क्षेत्र के कलंगपुर गांव का रहने वाला है, वो पिछले 30 दिनों से घर नहीं लौटा है। परिजनों का कहना है कि जवान घर पर 4 मोबाईल और डॉक्यूमेंट छोड़कर 6 मार्च को निकला था, जो आज तक घर नहीं लौटा है।

▪ जम्मू–कश्मीर में राष्ट्रीय राईफल की 48वीं बटालियन में पदस्थ है जवान

मिली जानकारी के अनुसार जवान का नाम शेजसिंह मंडावी 25 वर्ष है, जो कश्मीर में राष्ट्रीय राईफल की 48वीं बटालियन में पदस्थ हैं। वे अपने बीमार पिता गुलाब सिंह मंडावी के ईलाज के लिए छुट्टी लेकर 2 फरवरी 2025 को घर पहुंचे। पिता की हालत बिगड़ती जा रही है जबकि मां का रो रोकर बुरा हाल है। मां दुलेश्वरी मंडावी ने बताया कि उन्हे लगा था कि उनका बेटा वापस कश्मीर चला गया है, लेकिन सेना के जवानों ने परिवार वालों को सूचना दी कि शेजसिंह अभी तक काम पर नहीं लौटा है। बेटे के नहीं मिलने की वजह से वह काफी परेशान है। मां रो रोकर बेटे के सुरक्षित लौटने की दुआ कर रही है। मां ने बताया कि बेटा जब 6 मार्च को घर से निकला, तो स्पोर्टस ड्रेस पहना हुआ था। वह अपने साथ मोबाईल भी लेकर नहीं गया है, जिसकी वजह से उससे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं।

शेजसिंह मंडावी के छोटे भाई का नाम तुषार मंडावी ने बताया कि वह बालोद में आईटीआई कर रहा है। लापता होने से पहले जवान ने अपने भाई को फोन कर गांव बुलाया था। जवान घर का बड़ा बेटा है। सारी जिम्मेदारी उसी पर ही है। परिवार के लोगों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर जवान को ढूंढने का आग्रह किया है।

### बीमार पिता के इलाज के लिए अपने गांव कलंगपुर आया था जवान शेजसिंह मंडावी




#### चाचा ने दर्ज कराई रिपोर्ट

शेजसिंह मंडावी के चाचा दुर्गाप्रसाद ने बताया कि पिता को ईलाज के लिए हॉस्पिटल भी लेकर जाता था। वह घर से काम में जा रहा हूं कहकर निकला था, लेकिन बाद में पता चला कि काम पर पहुंचा ही नहीं। इससे उनके परिवार वाले परेशान हैं। दुर्गा प्रसाद ने बताया कि हम लोगों ने शेजसिंह को बहुत ढूंढा लेकिन कहीं नहीं मिला। हर जगह तलाश करने के बाद भी जब भतीजे का कहीं कुछ पता नहीं चला, तो उन्होंने 10 मार्च को रनचिरई थाने में गुमशुदगी की रिपार्ट दर्ज कराई। पुलिस भी बेटे की तलाश कर रही है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

## बालोद मंडल के सभी बूथों में भाजपा के स्थापना दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती तक बड़े स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बालोद मंडल के प्रत्येक बूथ स्तर पर मनाए जाने की योजना बनाई गई। बालोद शहर में 20 बूथ के अध्यक्षों को मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा के नेतृत्व में भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा भेंट की गई, ताकि आने वाले दिनों में भाजपा का कोई भी कार्यक्रम हो तो हर बूथ में इन्हें रखा जाए और शुरुआत इनकी पूजा-अर्चना के साथ हो। साथ ही हर बूथ में भाजपा का झंडा वितरित किया गया। इसके साथ ही उनसे आग्रह किया गया कि पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कल से ही बूथ के हर कार्यकर्ता के घर भाजपा का झण्डा अवश्य लगाएं।

▪ पार्टी जिलाध्यक्ष, नपाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में तैयारियों को लेकर हुई बैठक

बैठक में मंडल द्वारा पालिका चुनाव से पूर्व किये गए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में जांच कराए गए लोगों को निशुल्क चश्मा वितरित किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने बैठक को संबोधित करते हुए आने वाले दिनों में पार्टी द्वारा 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे जानकारी दी। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर सभी बूथों में अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किए गए। साथ ही 20 बूथ में मंडल के वरिष्ठजनों को अलग-अलग स्थान पर वक्ता बनाकर भेजने की रूपरेखा तैयार की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वहीं बैठक के प्रभारी गुरुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित करने को कहा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि मेरी जीत के बाद भाजपा मंडल की यह पहली बैठक है। उन्होंने नपा अध्यक्ष बनाए जाने के लिए सभी का आभार जताया। वहीं, नगर पालिका उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष कमलेश सोनी तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश निरंकार निर्मलकर ने सभी कार्यकर्ताओं से सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। बैठक का संचालन महामंत्री नरेंद्र सोनवानी व आभार प्रदर्शन महामंत्री संतोष कौशिक ने किया।

## भाजपा मंडल गुरूर की बैठक में कार्यक्रमों को लेकर की गई चर्चा

**गुरूर**। भारतीय जनता पार्टी मंडल गुरुर की बैठक में संगठन की आगामी कार्यों को निष्पादित करने के लिए वक्ताओं ने मार्गदर्शन दिया। बैठक में गुरूर मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया। भाजपा के वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने नए अध्यक्ष आनंद शर्मा का स्वागत किया। 06 अप्रैल से 14 अप्रैल तक की कार्य योजनाओं के बारे में समस्त कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गंजीर, उपाध्यक्ष कुंती सिन्हा, जनपद सदस्य गण ऐनुराम सोनवानी, रामसहाय साहू, लालिता पिमन साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।






## सीएम का माना आभार...




दुर्ग। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद राकेश पांडेय शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर नियुक्ति के लिए आभार जताया। श्री पांडेय ने बोर्ड के महत्वपूर्ण मसलों पर सीएम से चर्चा भी की।

## मनरेगा मजदूरों को अब मिलेगी 261 रुपए मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों की सैलरी में बढ़ोतरी हुई है। केंद्र सरकार ने 2025-26 के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत रोजगार करने वाले ग्रामीण मजदूरी की राशि का निर्धारण किया है।इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1 अप्रैल 2025 से पुरानी दर 243 रुपए से 18 रूपये की बढ़ोतरी करते हुए केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय विकास ने मनरेगा मजदूरी दर 261 रुपए कर दी है।

मजदूरी 261 रुपये की प्रति कार्य दिवस की दर से मिलेगी। केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय विकास ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी दरों में बदलाव का नोटिफिकेशन भी जारी किया गया है। यह नवीन दर 1 अप्रैल से ही लागू कर दी गई है। एक अप्रैल से मनरेगा मजदूरी की राशि सीधे आधारकार्ड बैंक से लिंक करने पर खाते में जमा होगी, इससे श्रमिकों को कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। मजदूर देश के किसी भी कोने में जाकर ग्राहक सेवा केंद्र एवं बैंक से अपनी मजदूरी की राशि निकाल सकेंगे।

## तालाबों को भरने नहरों में छोड़ा गया पानी, किसान खेतों में पहुंचा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

अप्रैल माह के शुरुआती सप्ताह के साथ ही गर्मी पड़ने लगी है। इन दिनों तालाब कुएं, हैंडपंप, बोर का जल स्तर तेजी से गिरने के कारण पेयजल संकट गहराने लगा है। महिलाओं क़ो रात रात भर जागकर पानी भरना पड़ रहा है। वहीं, पानी की समस्या क़ो देखते हुए शासन प्रशासन द्वारा नहर से पानी छोड़ा गया है। वह, इन दिनों रबी की धान फसल लेने वाले कई किसानों द्वारा सीधे नहर में पंप लगाकर खेतों में सिंचाई किए जाने की शिकायत मिल रही है। गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मोहलई में तान्दुला मोहंदीपाट डायवर्सन मोहलई





ऐनीकट के ऊपर नीचे लगभग 1 दर्जन किसानों के खेत लगे हुए हैं। इनमें से कुछ ऐसे किसान हैं जिन्होंने रबी सीजन में धान फसल ली है, जिसकी सिंचाई के लिए गुपचुप तरीके से मोटरपंप लगाकर सीधे अपने खेतों में पानी पहुंचा रहे हैं। इसके कारण निस्तारी के लिए तालाबों को भरने के लिए छोड़ा जा रहा पानी, खेतों में पहुंच रहा है।

### अधिकारियों ने कहा की जाएगी कार्रवाई

इस सम्बन्ध में सिकोसा जेई चंद्रकुमार बघेल ने कहा कि मौका पर निरीक्षण कर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बालोद मुख्य कार्यपालन अभियंता ने कहा कि इस तरह के मामले में कार्यवाही लगातार जारी है, फिर भी मैं जांच करवाता हूं।

पेज 11 के शेष...

### पैदल ले जाए जा...

परीक्षण कराया। मामले में पुलिस जांच कर कर रही है, तब तक पशुओं को गौधाम में ही रखा गया है। समाचार लिखे जाने तक मामले में अपराध कायम नहीं किया गया है। वहीं, पूरे घटनाक्रम के दौरान खेरथा पशु बाजार ठेकेदार की मनमानी सामने आई है। पशु ठेकेदार ने पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराए बिना ही उनका विक्रय किया। यहां पशु ठेकेदार द्वारा बताए अनुसार वह बीते 60 साल से पशु बाजार का ठेका लेता रहा है। इससे मामले में उसकी गहरी पैठ को समझा जा सकता है।

**पूरे कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए परिवहनकर्ता**- रायपुर से पहुंचे गौ रक्षा दल के मनोज चंघेल ने कहा गौ तस्करी की सूचना मिली थी, पुलिस की मौजूदगी में परिवहनकर्ताओं के कागजात की जांच की गई। परिवहनकर्ता मौके पर पूरे कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने कहा कि गौ तस्करी की सूचना पर जांच की जा रही है। मौके पर लायसेंस एवं खरीदी पर्ची प्रस्तुत किया गया है। 245 बैल बछड़े को पैदल ले जाया जा रहा था। सभी को करहीभदर मवेशी बाजार मे खरीदी बिक्री के लिए ले जाना पाया गया है। पशु चिकित्सक से सभी का स्वास्थ परीक्षण कराया गया है। अन्य दस्तावेजों की जांच जारी है।

### जिले को मिली...

भर्रीटोला समिति मे से ठेमाबुजुर्ग नवीन समिति बनाई गई है जिसमे ठेमाबुजुर्ग, ठेमाखुर्द, गंगोलीडीह, घोरदा, होदेकसा, भीमाटोला ग्राम आएंगे। वर्तमान साल्हे समिति मे से चिखली नई समिति बनाई गई है जिसमे चिखली, गोटुलमुण्डा, नर्राटोला, बोरगांव आएंगे।

वर्तमान गुजरा समिति में से खलारी नवीन समिति बनाई गई है, जिसमे खलारी, जमड़ी, अड़जाल ग्राम आएंगे। वर्तमान चिखलाकसा में से बिटाल नवीन समिति बनाई गई है जिसमे बिटाल, हितेकसा, जाबुड़वाड़ी, झरनदल्ली, धोबेदण्ड, झीकाटोला, कोड़ेकसा ग्राम आएंगे। वर्तमान गैंजी समिति में से झरनटोला नवीन समिति बनाई गई है जिसमे झरनटोला, मरकाटोला, साल्हेटोला, पिंगाल, किल्लेकोड़ा, बघमार ग्राम आएंगे। वर्तमान रेंगाडबरी समिति में से नंगुटोला नवीन समिति बनाई गई है जिसमे नंगुटोला, अन्नूटोला, भीमाटोला, जुन्नापानी ग्राम आएंगे। वर्तमान अछोली समिति मे से परसाडीह नवीन समिति बनाए गए है। जिसमे परसाडीह ज, सोरली, खैरीडीह, कापसी ग्राम आएंगे। वर्तमान सुरेगांव समिति मे से भुरकाभाट नवीन समिति बनाई गई है जिसमे भुरकाभाट, मनकी, शिकारीटोला, तेलीटोला ग्राम आएंगे। वर्तमान कुरदी समिति मे से डुण्डेरा नवीन समिति बनाई गई है जिसमे डुण्डेरा, नवागांव, लासाटोला ग्राम आएंगे। वर्तमान पिरीद समिति में से कमरौद नवीन समिति बनाई गई है जिसमे कमरौद, मोहलाई, कोंगनी ग्राम आएंगे। वर्तमान गब्दी समिति में से माहुद अ नवीन समिति बनाई गई है, जिसमे माहुद अ, डुडिया, मटेवा ग्राम आएंगे। वर्तमान पिनकापार गु समिति में से सरेखा नवीन समिति बनाई गई है जिसमे सरेखा, भोथीपार, खपरी ग्राम आएंगे। वर्तमान सिर्री समिति में से नवीन समिति तिलोदा समिति बनाई गई है जिसमे तिलोदा, पाउवारा ग्राम आएंगे। वर्तमान भंवरमरा समिति में से खोलझर नवीन समिति बनाई गई है जिसमे खोलझर, बुल्लुटोला, नलपानी, भमदो, लुरकाझर ग्राम आएंगे।

## सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने पर एफआईआर

**भिलाई**। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कोसा नाला पाथवे पर स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए वहां पर 2 अप्रैल को 110 बाई 8 का फ्लैक्स लगाया गया था। 3 अप्रैल को देखने में मिला कि अज्ञात चोरों द्वारा पूरे 110×8 फिट का फ्लेक्स को काट कर हटा दिया गया है। इधर उधर देखने पर भी नहीं मिला उस फ्लेक्स में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जा रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेश पर सुपेला पुलिस थाना में जोन 01 के सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न कुमार तिवारी द्वारा शिकायत लिखित में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। यह भी शिकायत की गई थी कि उद्यानों में लगे फैंसिंग वायर, लोहे के ग्रील, बाउंड्रीवाल, नगर निगम के मोटर पंप में लगे केबल वायर को भी चोरों द्वारा काट लिया जा रहा है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### आरोप : बीएसपी प्रबंधन पर लग रहे लापरवाही के आरोप

# प्लांट में हुई दुर्घटना ने खोली सुरक्षा उपायों की पोल

दीपक मित्तल ▶▶| दल्लीराजहरा

भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) की दल्लीराजहरा स्थित विभिन्न खदानों (माइंस) में सुरक्षा उपायों की अनदेखी के कारण एक बार फिर एक दर्दनाक हादसे ने दल्लीराजहरा शहर को हिला कर रख दिया है। दो दिन पूर्व जगन्नाथ पैलेस प्लांट में 50 फीट की ऊंचाई से एक श्रमिक श्रवण कुमार 42 वर्षी के गिरने से मौत हो गई। इस घटना ने एक बार फिर से बीएसपी की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, हाल के महीनों में खदानों में दुर्घटनाओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। दर्जनों श्रमिक अब तक इन हादसों का शिकार हो चुके हैं, जिनमें कई की जान जा चुकी है और कुछ गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसके बावजूद बीएसपी प्रबंधन की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिन श्रमिक संगठनों को मजदूरों की आवाज़ बनना चाहिए, वे इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। न तो यूनियन नेताओं ने खुलकर कोई विरोध दर्ज कराया है और न ही उन्होंने किसी प्रकार का दबाव बीएसपी प्रबंधन पर डाला है।

वहीं दूसरी ओर भाजपा और कांग्रेस जैसे बड़े राजनीतिक दलों के नेता भी इस गंभीर मुद्दे पर मौन धारण किए हुए हैं। स्थानीय श्रमिकों का कहना है कि पहले जहां कुछ बुनियादी सुरक्षा उपाय मौजूद थे, अब वे भी धीरे-धीरे हटा दिए गए हैं। हेल्मेट, सेफ्टी बेल्ट, लाइटिंग और अलार्म सिस्टम जैसी सुविधाओं में भारी कटौती की गई है। बीएसपी प्रबंधन अब न केवल सुरक्षा को नजरअंदाज कर रहा है, बल्कि पहले से दी जा रही सुविधाएं भी छीन रहा है।



#### भाजपा नेता ने दी आंदोलन की चेतावनी

भाजपा नेता सौरभ लुनिया ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन ने दल्लीराजहरा शहर वासियों के साथ सौतेला वार किया है। दल्लीराजहरा के माइंस में उत्खनन और परिवहन बीएसपी प्रबंधन कर रही है। ऐसी स्थिति में बीएसपी प्रबंधन को दल्लीराजहरा शहर में मूलभूत सुविधा देना चाहिए। साथ ही श्रमिकों को सुरक्षा से संबंधित सेफ्टी किट और सुरक्षा देना ही होगा, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं, संयुक्त खदान मजदूर संघ के महासचिव कंवलजीत सिंह मान कहते हैं कि बीएसपी प्रबंधन श्रमिकों के साथ जो व्यवहार कर रही है, वह अनुचित है। उन्हें नियमों के तहत कार्य कराना चाहिए।

#### सुरक्षा मानकों का सख्ती से हो पालन

वहीं, इस संबंध में स्थानीय समाजसेवी संगठनों और कुछ जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि बीएसपी प्रबंधन को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करना चाहिए और हादसों के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो आने वाले समय में व्यापक आंदोलन की चेतावनी भी दी जा रही है। वहीं, लोगों का कहना है कि दल्लीराजहरा की खदानों में हो रही दुर्घटनाएं न सिर्फ श्रमिकों की जिंदगी से खिलवाड़ हैं, बल्कि यह पूरे सिस्टम की विफलता को भी उजागर करती हैं। अब समय आ गया है कि शासन-प्रशासन, राजनैतिक दल और श्रमिक संगठन मिलकर इस गंभीर मुद्दे पर ठोस कार्यवाही करें, ताकि भविष्य में और जानें न जाएं।

#### सुविधाएं उपलब्ध करा रहा प्रबंधन

बीएसपी प्रबंधन सीएसआर के तहत और मूलभूत सुविधा लगातार उपलब्ध करा रही है और शहर हित में सभी कार्य कर रही है। आगे भी करते रहेंगे और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

**-आर बी गहरवार**, महाप्रबंधक, बीएसपी



## मिर्री टोला में हुई भाजपा की बैठक

**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मिर्री टोला (पुरूर) की प्रथम आवश्यक बैठक हुई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यों को निष्पादित करने के लिए वक्ताओं के माध्यम से मार्गदर्शन मिला। 06 अप्रैल से 14 अप्रैल तक की कार्य योजनाओं के बारे में समस्त कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व नपा अध्यक्ष बालोद यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पांडेय, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, जिला उप अध्यक्ष त्रिलोकी साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत ठाकुर, यादराम साहू, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर बालचंद टंडन, जनार्दन सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मिनासत्येंद्र साहू, अध्यक्ष पूर्व जनपद पंचायत गुरुर डामेश्वरी साहू, महामंत्री भाजपा मंडल गुरुर मेहत्तर नेताम, रेणुकागजीर, हेमंत साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर संतोषी साहू, ग्राम फागुनदाह के सरपंच प्रहलाल साहू, कुबेर साहू, मितलेश साहू, बाबू लाल सिंह, होमशंकर साहू, अजय साहू, यदिप साहू, गिरिश साहू, बूथ अध्यक्ष गण, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा का स्थापना दिवस आज, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**गुण्डरदेही।** भाजपा मंडल की बैठक शुक्रवार को भाजपा कार्यालय गुण्डरदेही में हुई। बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा की स्थापना दिवस 6 अप्रैल पर बुथ में मनाने एवं हर घर झंडा लगाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय ने कहा कि पार्टी द्वारा जो दिशा निर्देश आया है उसके अनुसार कार्यक्रम करना है। पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को है, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को अपने बूथ में स्थापना दिवस मनाने है। बैठक प्रभारी ठाकुर राम चंद्रकार ने कहा कि 8 व 9 अप्रैल को सक्रिय कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वहीं 14 अप्रैल को डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने भी पार्टी के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाने का आह्वान किया। इसके साथ ही कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने–अपने घरों में पार्टी का झंडा अवश्य लगाएं। कार्यक्रम को नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, मंडल महामंत्री सौरभ जैन ने भी संबोधित किया। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष व पार्षद हरीश निषाद, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्री, विनोद चंद्रकार, दिलीप कुल्हाड़े, भीखा राम साहू, नेतराम साहू, लवण साहू, मुकेश साहू, मोपन्द्र साहू, नविता साहू, पार्षद पूजा बिझेकर, शैल महोबिया, सेवक महिपाल, रोम लाल यादव, मदन साहू, डिलेश्वर साहू, लक्ष्मी कांत साहू, पृथ्वी साहू सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुटीर उद्योगों का अध्ययन करने समूह की महिलाएं मध्यप्रदेश रवाना



**गुरूर।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बालोद द्वारा महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रुप से सक्षम बनाने की दृष्टिकोण से दिशा दर्शन कार्यक्रम के लिए भ्रमण हेतु ग्राम ढिंढौरी मध्यप्रदेश में महिलाओं द्वारा स्थापित कुटीर उद्योग जिसमें मसाला निर्माण कार्य व मोहा का बिस्किट व अन्य प्रकार के बिस्किट निर्माण कार्य दिखाने हेतु लगभग पचास महिलाओं को विधायक संगीता सिन्हा द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया। इसके तहत अमरकंटक, महामाया मंदिर व रतनपुर का मंदिर दर्शन का कार्यक्रम भी शामिल है। यह कार्यक्रम तीन दिवसीय है।

## स्व सहायता समूह की महिलाओं ने नपाध्यक्ष प्रतिभा से की भेंट



**बालोद।** पटेल समाज की माँ शाकम्भरी स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी और उपाध्यक्ष कमलेश सोनी से मुलाकात की। इस दौरान उनसे महिला सशक्तिकरण के संबंध में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में चर्चा की।

## ग्राम कोटेरा में निकाली गई शोभायात्रा





**डौंडीलोहारा।** मुख्यालय अंतर्गत खरखरा जलाशय के समीपस्थ ग्राम कोटेरा में स्कूली बच्चों एवं ग्रामवासियों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। मां दंतेश्वरी मन्दिर प्रांगण से पूरे गांव में शोभायात्रा हर्षोल्लास से निकाली गई। वहीं, महाअष्टमी के दिन हवन-पूजन किया गया।

## प्राथमिक शाला मुढ़िया के चैतन्य व पुनेश का एकलव्य विद्यालय में चयन



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला मुढ़िया के दो छात्रों का एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। शिवकुमार सिन्हा ने बताया कि दोनों चयनित विद्यार्थियों को गुलदस्ता भेंटकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि विद्यालय के चैतन्या नायक पिता रूपेश कुमार नायक व पुनेश कुमार सिहारे पिता राकेश कुमार सिहारे का एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। उनके चयन पर प्रधान पाठक गजपाल ठाकुर, तरुण गांवारे, चंद्रिका, हेमा रानी एवं समस्त शाला परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है।



## खबर संक्षेप

### रानीतराई में परिक्षेत्रीय महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 10 को

**जामगांव आर।** परिक्षेत्रीय महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव का 31वें वर्ष पर भव्य समारोह इस बार रानीतराई में 10 अप्रैल को सुनिश्चित हुआ है। समारोह में जैन युवा मंच भखारा हेल्प एंड सर्विस फाउंडेशन के तत्वावधान रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया है। समारोह में अतिथि नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति हरख पारख, जनपद पंचायत कुरूद उपाध्यक्ष सतीश रायसोनी, जनपद सदस्य दीपमाला कोचर, ख्यातिनाम कवि राधेलाल लोढ़ा, हास्य कवि थानमल ओस्तवाल एवं हरख पारख विधायक प्रतिनिधि कुरूद नगर पंचायत मंचासिन होंगे। महावीर जन्म कल्याणक समिति के निर्मल जैन एवं यादमल गोलछा ने बताया कि इस अवसर पर जैन युवा मंच भखारा राल एवं हेल्प एन्ड सर्विस फाउंडेशन की ओर से रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। अध्यक्ष निर्मल रायसोनी ने बताया कि जिस गांव में एक घर का जैन परिवार है, उनके गांव की बारी आने पर समिति में शामिल जामगांव आर बटरेल बेलहारी सुरपा ओदरागहण रानीतराई जैन संघ के सभी सदस्य चयनित ग्राम में पहुंचकर बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक मनाते हैं। समारोह में साधु संतों का सानिध्य अनेकों बार नहीं मिलने पर समाज के प्रतिष्ठित लोगों को मंचासीन कर समारोह में विविध धार्मिक मार्मिक आयोजन कर संस्कार की नींव को मजबूत करते हैं।



### कृषि सभापति बनाए गए रवि

**जामगांव आर।** जनपद पंचायत पाटन में 5 अप्रैल को विभिन्न विभागों के सभापति की घोषणा की गई। दूसरी बार जीत हासिल करने वाले जनपद क्षेत्र क्रमांक 25 के युवा जनपद सदस्य समाजसेवी रवि सिन्हा निपानी को कृषि स्थाई समिति का सभापति बनाया गया है। जनपद सदस्य संतोषी ठाकुर एवं भास्कर वर्मा इस विभाग के सदस्य बनाए गए है। जनपद पंचायत पाटन में कृषि स्थाई समिति सदस्य बनने पर जनपद रवि सिन्हा को जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू सहित भाजपा के साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। वहीं, जनपद कृषि सभापति बनने के बाद रवि सिन्हा ने पार्टी नेताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसानों की हितैषी है। विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों की भलाई के लिए सतत प्रयास करती रहती है।



### वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि खैरागढ़ निवासी शिव कुमार पटेल शादी कार्यक्रम में शामिल होने जामुल आया हुआ था। गुरुवार की रात अज्ञात वाहन ने शिव कुमार को अपनी चपेट में ले लिया।

**आस्था : सुबह से ही देवी मंदिरों में माता के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु**

# अंचल में महाअष्टमी पर गूंजा स्वाहा, हवन पूजन कर कई स्थानों पर कराया गया नौ कन्या भोज






हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

अष्टमी पर दल्लीराजहरा सहित पूरा अंचल देवी मंदिरों में हवन और पूजा-पाठ, धार्मिक माहौल से सराबोर रहा। नवरात्रि पर्व की अष्टमी पर्व पर दल्लीराजहरा नगर पूरी तरह से देवी भक्ति में डूबा रहा। दल्लीराजहरा नगर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और विशेष पूजा-अर्चना के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। विभिन्न माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे और श्रद्धालु दिनभर पूजा-पाठ व भक्ति संगीत में लीन रहे।दल्लीराजहरा नगर के प्रमुख देवी मंदिरों माँ चंडी मंदिर, माँ दुर्गा मंदिर (शीतला पारा), माँ काली मंदिर, माँ बगलामुखी मंदिर सहित अन्य देवी स्थलों पर अष्टमी के दिन विशेष हवन, कन्या पूजन और दुर्गा सप्तशती पाठ जैसे धार्मिक कार्यक्रम हुए। भक्तों ने नौ कन्याओं को भोजन कराकर देवी रूप में पूजन किया। हवन के दौरान यज्ञशाला में आहुतियाँ दी गईं और पूर्णाहुति के साथ नगरवासियों के कल्याण की कामना की गई।

- दल्लीराजरा में माता के जयकारों से गूंजते रहे मंदिर

नवरात्रि के इस पावन अवसर पर पूरे दल्लीराजहरा नगर में उत्सव का माहौल देखा गया। श्रद्धालु नई वेशभूषा में माता के दर्शन करने मंदिर पहुंचे। मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और सजावटी वस्तुओं से सजाया गया, जिससे रात्रि में दृश्य अत्यंत भव्य प्रतीत हो रहा था। कई स्थानों पर जागरण और भजन संध्या का आयोजन भी हुआ जिसमें स्थानीय कलाकारों ने देवी भक्ति से जुड़ी प्रस्तुतियाँ दीं।

**औद्योगिक क्षेत्र के साथ धार्मिक नगरी के रूप में भी है दल्लीराजहरा की पहचान-** दल्लीराजहरा को केवल एक औद्योगिक क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि एक धार्मिक नगरी के रूप में भी जाना जाता है। यहाँ के देवी-देवताओं के मंदिरों की महिमा दूर-दूर तक फैली हुई है। नवरात्रि जैसे पर्व पर यह धार्मिक भावना और आस्था का केंद्र बन जाता है। नगरवासियों के साथ-साथ आस-पास के ग्रामीण अंचलों से भी श्रद्धालु यहाँ दर्शन हेतु पहुंचते हैं।

## महाअष्टमी पर हवन पूजन कर दी आहुति




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी स्थित माता शीतला दरबार मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर महाअष्टमी पर हवन किया गया। पंडित महेंद्र पाण्डेय एवं शीतला दरबार के पुजारी सालिक राम निर्मलकर ने विधी विधान से पूजा की। उसके बाद मंत्रोच्चार के साथ दरबार में आए भक्तों ने हवन कुंड में सांखला डाला। इस हवन में समस्त ग्रामवासी का विशेष सहयोग रहा। अंचल के सभी जगह शांतिपूर्ण से चैत्र नवरात्रि पर्व पर महाअष्टमी हवन सम्पूर्ण हुआ। अंडा क्षेत्र के अंतर्गत अछोटी, भरदा, कुथरेल, कोनारी, चंदखुरी, कोलिहापुरी, पिसेगांव, भानपुरी, जंजगिरी विनायकपुर आमटी मासाभाट आलबरस निकुम खाड़ा रूदा भोथली तिरगा झोला अंजोरा खपरी सिलोदा रसमड़ा बोरई गानयारी खप्परवाडा देवरी ख नाहंदा गुरेदा डंगनिया परसदा ओटेबंद सिरसिदा, डौकीडीह सहित अन्य जगह भी शांतिपूर्ण से चैत्र नवरात्रि पर्व पर महाअष्टमी हवन किया गया।

## कुलिया स्थित मां दुर्गा मंदिर में हुआ हवन

**गुरूर।** ग्राम कुलिया स्थित मां दुर्गा मंदिर में शनिवार को अष्टमी पर हवन एवं नौ कन्या भोज का आयोजन किया गया। यहां मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्ज्वलित की गई है।



## देवगहन स्थित मुनीबावा मंदिर में जगमगा रहे 53 जोत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

आस्था का प्रतीक मुनीबाबा मंदिर बालोद जिले तांदुला नदी के किनारे देवगहन गांव में स्थित मुनीबावा मंदिर धार्मिक स्थल के रूप में समय के साथ प्रसिद्धि की ओर बढ़ रहा है। गांव और नदी के बीच 9 एकड़ भूमि पर विशालकाय इमली पेड़ों के नीचे मुनीदेव बाबा पिछले 200 वर्षों से स्थापित है। उनके बारे में आज के बुजुर्ग कुछ भी बताने में असमर्थ हैं। बस लोग स्वयं से अपनी मनोकामना के लिए दर्शन के लिए आते हैं। भूतपूर्व सरपंच लोकेंद्र साहू ने सन् 2012 में स्वयं के खर्च से मंदिर एवं परिसर का जीर्णोद्धार करवाया एवं ज्योति कलश की शुरुआत की। आज मंदिर पुजारी परब बैगा की देखरेख में इस वर्ष 53 श्रद्धालुओं की आस्था रुपी ज्योत जगमगा रही है। लोग अपनी मनोकामना पूरी करने मुनीबाबा मंदिर पहुंचते हैं। पूर्व में भाजपा नेता नरेश यदु एवं विश्वास गुप्ता अर्जुंदा द्वारा ज्योति कलश कक्ष निर्माण के लिए सहयोग प्रदान किया गया था। इस वर्ष विधायक कुंवर सिंह निषाद के प्रयास से मंदिर परिसर तक विद्युत पोल तार लगवायी गई है। एकांत वातावरण में मंदिर परिसर का अनुभव बहुत अद्भुत है।

## बाबा दरबार धनोरा में किया गया हवन



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि पर्व पर महाअष्टमी हवन किया गया। पंडित विनय शर्मा एवं दरबार के लक्ष्मण बाबा द्वारा विधी विधान से पूजा की गई। उसके बाद मंत्र उच्चारण के साथ दरबार में आए भक्तों ने हवन कुंड में सांखला डाला। मुख्य यजमान मनसुखा साहू लक्ष्मी साहू रहे इस दौरान विनोद साहू राजू यादव मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा सहित बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने हवन के बाद माता रानी की आरती की। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। रविवार को शाम 4 बजे दरबार से ज्योति कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। शीतला तालाब में विसर्जन किया जाएगा।



## अष्टमी हवन के बाद कराया भंडारा

**बालोद।** पांडे पारा बालोद में प्रसिद्ध दंतेश्वरी मंदिर में मनोकामना ज्योति की स्थापना की गई है। शनिवार को अष्टमी हवन किया गया, जिसमें मोहल्लेवासियों ने भाग लिया। कन्या भोज के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। इस नवरात्रि पर्व में खिलेश, तरुण जय कुमार, जगन्नाथ, दीपांशु, दुष्यंत कुमार, तामेश्वर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। देव सिंह बैगा और राजू ठाकुर ने पण्डा की भूमिका निभाई। दंतेश्वरी समिति के पदाधिकारी वार्ड नंबर 5 और 6 के पार्षद मोहल्लेवासी उपस्थित रहे। आरपी यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम सफल रहा।



## अष्टमी हवन में नपा अध्यक्ष प्रतिभा सहित अनेक जनप्रतिनिधि हुए शामिल



**बालोद।** अष्टमी हवन में श्री दुर्गा मन्दिर बालोद में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पार्षद गिरजेश गुप्ता, वॉर्ड नम्बर 12 के पार्षद सुमीत शर्मा व वार्ड नम्बर 11 पार्षद व लोकनिर्माण, आवास एवं पर्यावरण विभाग के सभापति राजू पटेल व शहर के भक्त हवन में शामिल हुए।

## रेडक्रास के स्वयंसेवक नवरात्रि पर मंदिर में दे रहे निःशुल्क सेवा

**दल्लीराजहरा।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बालोद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली द्वारा जुनियर रेडक्रास उपसमिति अध्यक्ष व जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले के दिशा-निर्देश पर 15 बच्चे नवरात्रि पर्व पर गंगा मैय्या मंदिर झलमला में निःशुल्क सेवा दे रहे हैं। जिला संगठक बालोद व चिखली स्कूल के रेडक्रास प्रभारी चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि रेडक्रास का नारा है सेवा धर्म हमारा है, को चरितार्थ करते चिखली स्कूल के जुनियर रेडक्रास के स्वयंसेवक सेवा दे रहे हैं। दलनायक कुशाग्र ने बताया कि रेडक्रास का उद्देश्य स्वास्थ्य, सेवा, मित्रता होता है, जिसे हम सार्थक कर लोगों को रेडक्रास से अवगत करा रहे हैं। टोली नायक खीमन ने बताया कि हम लोग सुबह 4 बजे उठकर सर्वप्रथम मंदिर, मेला व पार्किंग स्थल की सफाई करते हैं। स्नान ध्यान करने के बाद पण्डितों को चाय नाश्ता देकर भोजनालय में सहयोग करते हैं। रूमेश व भूपेंद्र ने बताया कि वे लोग गंगा मैय्या मंदिर में 2015 से सेवा देने आ रहे हैं। रेडक्रास के बच्चे गंगा मैय्या मंदिर के दोनों नवरात्र में निःशुल्क सेवा देते हैं।



**साफ-सफाई से लेकर चाय-नाश्ता व भोजन परोसने का कर रहे कार्य-** सहायक टोली नायक प्रवीण ने बताया कि यह उसका पहला वर्ष है, जब वह सेवा देने आए हैं। सेवा से मन बहुत प्रसन्न है। पता ही नहीं चलता कब सुबह हो जाती है और कब शाम। हम लोग यहां पर स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं। यहां पर हमारे द्वारा भक्तों को मंदिर के अन्दर क्रमबद्ध दर्शन के लिए प्रवेश कराना, चढ़े हुए नारियल को हटाना, भक्तों को प्रसाद का वितरण, नाचा गम्मत टीम को चाय, स्वल्पाहार व खाना खिलाना, दाल-भात सेंटर में भोजन परोसना, सफाई, व अन्य कार्य किये जाते हैं। इस वर्ष भी 15 बच्चे झलमला में विभिन्न प्रकार की सेवा करके माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। सभी को अलग अलग टोली में बांट कर कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष सेवा शिविर से कुछ न कुछ सीखने को मिलता जिसे हम अपने जीवन में उतार सकते हैं।



**प्रमुख ट्रस्टी सोहन लाल टावरी ने की बच्चों की सराहना-** प्रमुख ट्रस्टी सोहन लाल टावरी ने सभी बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि ये बच्चे बहुत मेहनती हैं। सभी कार्य को करने तैयार रहते हैं। ये विगत 10 वर्षों से प्रत्येक नवरात्रि में सेवा देते आ रहे हैं। यह एक बहुत ही प्रेरणादायक और सराहनीय सेवा कार्य की जानकारी है। इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल बच्चों में सेवा भाव, अनुशासन और जिम्मेदारी का भाव विकसित करती हैं, बल्कि समाज को भी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने में मदद करती है

### मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना के तहत दी गई सहयोग राशि

**गुरूर।** मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत खुदनी में परस राम साहू को स्वर्गीय शोहद्री बाई साहू के आकस्मिक निधन होने पर सरपंच विशाल दीवान, उपसरपंच मन्नू लाल हिरवानी एवं पंच ललिता यादव पंच द्वारा 2000 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**सेवा कार्यों में विद्यालय के स्टॉफ का भी रहा महत्वपूर्ण सहयोग**

# सेजस दुधली के स्काउट-गाइड ने राहगीरों को पिलाया पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा






भारत स्काउटस एवं गाइड्स जिला संघ बालोद के आदेशानुसार तथा राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी,जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव,जिला आयुक्त पी सी मरकले, जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सचिव के एल गजेन्द्र, जिला संगठन आयुक्त प्रेमलता चंद्राकर,नेम सिंह साहू के मार्गदर्शन में सेजस दुधली के स्काउट एवं गाइड ने सार्वजनिक प्याऊ से राहगीरों को सेवा कार्य के तहत भीषण गर्मी में पानी पिलाने का कार्य किया। प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव ने स्काउट गाइड का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में स्काउट गाइड का यह सेवा कार्य बहुत ही सराहनीय है। स्काउट प्रभारी मिलन सिन्हा के निर्देशन में सेवा के बहुत कार्य किए हैं। कुकुर देउर मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान, टीकाकरण अभियान में रैली निकालकर जन जागरूकता फैलाना, भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के लिए पानी का सकोरा रखना आदि। ये स्काउट राज्य स्तर के सर्वोच्च पुरस्कार राज्यपाल पुरस्कार हेतु जांच परीक्षा हेतु चयनित हुए हैं। स्काउट में राजवीर भट्ट लिकेश कुमार, लक्ष्य ठाकुर, ओमकुमार, पीयूष, हर्ष तिवारी ,गाइड से अनुष्का, काजल, हर्षिता, धनेश्वरी, तनिषा, जागृति देवांगन रेंजर लीडर रेखा ठाकुर गाईड कैप्टन वर्षा रानी देवांगन, रोवर लीडर आर एन राणा, राहुल भोसले, सुनील देशलहरे साहित सभी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।सभी स्टाफ एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देव देवांगन एवं समस्त सदस्यों ने बधाई दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411